दिनांक: 13.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति की आज जयपुर में बैठक हो रही है। सीतापुरा स्थित जेईसीसी सभागार में हो रही इस बैठक में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम शिरकत कर रहे हैं। दिनभर चलने वाली इस कार्यसमिति के दो सत्रों में संगठनात्मक मजबूती पर विचार–विमर्श किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य से केन्द्रीय मंत्री परिषद में शामिल गजेंद्र सिंह शेखावत, भूपेंद्र यादव, अर्जुनराम मेघवाल और भागीरथ चौधरी का अभिनंदन किया जा रहा है। बैठक स्थल पर भाजपा की ओर से एक प्रदर्शनी भी लगाई गई है। कार्यक्रम में पार्टी प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मंत्रिमंडल सहयोगी और सभी विधायक, प्रदेश पदाधिकारी से लेकर जिला और मंडल स्तर तक के महामंत्री मौजूद हैं। इसके साथ ही पंचायत से लेकर सभी भाजपा जनप्रतिनिधि इस कार्य समिति में शामिल हैं। इस वृहद कार्य समिति में लगभग आठ हजार पदाधिकारी और जन प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

....

प्रदेशभर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही हैं। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लगाई जा रही इस साल की ये दूसरी लोक अदालत है। इसमें राज़ीनामे के जरिये विभिन्न मामलों का निपटारा किया जा रहा है। प्राधिकरण के सचिव हरिओम अत्री ने बताया कि प्री–लिटिगेशन और लंबित मुकदमों में से दस लाख मुकदमे लोक अदालत के सामने सूचीबद्ध करने के लिए चिन्हित किये गये हैं। इन मुकदमों की सुनवाई के लिए अधीनस्थ अदालतों में कुल 512 बेंचों का गठन किया गया है। वहीं हाईकोर्ट की जोधपुर स्थित मुख्यपीठ में पांच और जयपुर पीठ में चार बेंच बनाई गई हैं। लोक अदालत में राज़ीनामा हो सकने वाले सिविल, आपराधिक, सेवा, श्रम, मोटर दुर्घटना और पारिवारिक मामलों सहित अन्य प्रकृति के प्रकरणों को सूचीबद्ध किया गया है। लोक अदालत का आयोजन हाईकोर्ट की जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों, राजस्व अदालतों, उपभोक्ता मंचों और प्रशासनिक अधिकरणों में किया जाएगा।

....

उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान सहित अन्य राज्यों में अधिक ग्राम न्यायालय खोलने के लिए कहा है। न्यायालय ने राज्यों के मुख्य सचिवों को कहा है कि वे अपने संबंधित क्षेत्रों में उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल के साथ अतिरिक्त ग्राम न्यायालय खोलने पर चर्चा करें। सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों में बुनियादी ढांचा विकसित करने, लम्बित मामलों को कम करने, पक्षकारों को जल्द न्याय दिलाने और आमजन को सस्ता तथा सुलभ न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिये।

....

आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए प्रत्यक्ष कर के रूप में छह लाख 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक कर एकत्र किया है। इस महीने की 11 तारीख तक 70 हजार 902 करोड़ रुपये की कर वापसी की जा चुकी है। विभाग ने बताया कि कुल संग्रह राशि में दो लाख 65 हजार 336 करोड़ रुपये कॉर्पोरेट कर, तीन लाख 61 हजार 862 करोड़ रुपये व्यक्तिगत आयकर और एक हजार 426 करोड़ रुपये अन्य कर शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार पूर्ण संग्रह के तौर पर 5 लाख 74 हजार 357 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं।

....

दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे पर दौसा जिले के राहुवास क्षेत्र में कार पलटने जाने से उसमें सवार दो लोगों की मृत्यु हो गई तथा दो अन्य घायल हो गये। कार सवार ये लोग पंजाब के रहने वाले थे और महाराष्ट्र के नांदेड़ जा रहे थे।

....

राज्य में पिछले 24 घंटों में बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, बूंदी, जयपुर और झुंझुनूं जिलों में कहीं–कहीं भारी वर्षा हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 97 मिलीमीटर बारिश अनूपगढ़ के मुकलावा में दर्ज की गई। बूंदी में 86 मिलीमीटर बरसात रिकॉर्ड की गयी। विभाग के अनुसार आज बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ मध्यम से तेज बारिश और कहीं–कहीं भारी बारिश का पूर्वानुमान है। बीकानेर संभाग में अगले दो दिन आंधी–बारिश जारी रहने के आसार हैं।

....

नीट और जेईई सहित अन्य प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए 12वीं कक्षा के बाद गैप देने वाले छात्र अब कभी भी महाविद्यालयों में नियमित प्रवेश ले सकेंगे। कॉलेज शिक्षा निदेशालय ने नियमों में बदलाव किया है। ऐसे में अब इन छात्रों को किसी तरह का कोई शपथ पत्र या अन्य औपचारिकताएं पूरी करना आवश्यक नहीं होगा।

....